## एक नजर

### कल खुलेगी घाटमपुर सहकारी समिति

पूरनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव घाटमपुर में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति मौजूद है। समिति पर तैनात रहे सचिव अतुल सिंह की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। बीते गुरुवार को सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बैंक मैनेजर और संचालक की मौजूदगी में समिति सील कर दी थी। धान की सीजन में किसानों को उर्वरक और दवाओं की आवश्यकता पूरी न होने से परेशानी होने लगी। किसानों की समस्या देखते हुए विभागीय औपचारिकताएं पूरी कर समिति खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सोमवार को सील घाटमपुर सहकारी समिति के ताले खोले जाएंगे।

### बास्केटबॉल-कबड्डी का ट्रायल 21 को होगा

पीलीभीत, अमृत विचार : महिला बास्केटबॉल और कबड्डी का ट्रायल गांधी स्टेडियम में 21 जुलाई को होगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी बरेली के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय गांधी स्टेडियम में 21 जुलाई को शाम 4 बजे जिला स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए महिला खिलाड़ी जिला खेल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# अधर में परियोजनाएं, कैसे मिले मरीजों को लाभ

## मेडिकल कॉलेज की सीसीयू यूनिट को अभी तक नहीं मिली जमीन, नई इमरजेंसी भी पड़ी ठप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मेडिकल कॉलेज की परियोजनाओं के लिए 284.60 करोड़ का बजट किया गया था स्वीकृत
- कॉलेज का निर्माण भी सुस्त, नर्सिंग के लिए सीटें आवंटित, पर कैसे होगी पढ़ाई

अमृत विचार : मेडिकल कॉलेज से जुड़ी बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य परियोजनाएं अधर में हैं, जिससे जिलेवासियों को अपेक्षित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एक ओर जहां सीसीयू यूनिट के लिए अब तक जमीन उपलब्ध नहीं हो सकी है, वहीं दूसरी ओर नई इमरजेंसी यूनिट तैयार होने के बावजूद भी शुरू नहीं हो सकी है, जिससे गंभीर मरीजों को इलाज के लिए बाहर रेफर करना पड़ रहा है। इसी तरह नर्सिंग कॉलेज की निर्माण प्रक्रिया भी धीमी गति से चल रही है, जिससे आवंटित सीटों के बावजूद शैक्षणिक सत्र की शुरुआत सवालों के घेरे में है, जबकि अब मेडिकल कॉलेज में दूसरा शैक्षिक सत्र शुरू होने वाला है। इसके बावजूद भी सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पा रहा है। हालांकि जिम्मेदार जल्द ही काम पूरा कराने की बात कह रहे हैं।

बता दें कि राजकीय मेडिकल कॉलेज की परियोजना 27 मार्च, 2020 को स्वीकृत हुई थी। इसके निर्माण के लिए 284.60 करोड़ का बजट स्वीकृत करते हुए पूरनपुर हाईवे पर खाग गांव में 15 एकड़ जमीन पर एकेडमिक ब्लॉक और अन्य विभाग स्थापित किए गए हैं। काफी प्रयास के बाद मेडिकल कॉलेज को शैक्षिक सत्र 2024-25 में एनएमसी की ओर से 100 सीटों पर मान्यता दे दी गई थी। कॉलेज का विस्तार करने के लिए मेडिकल कॉलेज की ओर से नर्सिंग कॉलेज और सीसीयू यूनिट (क्रिटिकल केयर यूनिट) की स्थापना करने का प्रस्ताव बनाकर भेजा था, जिसके लिए आईआईटी के पीछे खाली पड़ी राजस्व विभाग की दो एकड़ जमीन चिह्नित की गई थी। राजस्व विभाग के द्वारा सात माह पहले एक एकड़ जगह मेडिकल कॉलेज को दे दी गई है। जिस पर नर्सिंग कॉलेज बनाया जा रहा है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ का बजट जारी किया जा चुका है। जिस पर काम चल रहा है। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन अभी तक सीसीयू यूनिट का भवन तैयार करने के लिए चिह्नित की गई एक एकड़ जमीन पर अंड़गा लगा हुआ है। तमाम प्रयास के बाद भी जमीन हैंडओवर नहीं हो सकी है। जिस वजह से मेडिकल कॉलेज का महत्वपूर्ण परियोजना धरातल पर नहीं आ रही है, जबकि सीसीयू यूनिट स्थापित होने से आईसीयू, पीडियाट्रिक आईसीयू, एनआईसीयू आदि की सुविधा मरीजों को मिल सकेगी। मगर जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते जमीन का पेंच फंसा हुआ है। इधर, 200 बेड का अस्पताल का संचालन भी ठप पड़ा हुआ है। जबकि भवन तैयार हो चुका है। फिर पुराने भवन में ओपीडी का संचालन किया जा रहा है।



मेडिकल कॉलेज की ओर से बनवाया जा रहा नर्सिंग कॉलेज। ● अमृत विचार

### नई इमरजेंसी पड़ी ठप, मरीजों को हो रही दिक्कत

एक तरफ सीसीयू यूनिट के लिए जगह नहीं मिल पा रही है, तो वहीं दूसरी इमरजेंसी की व्यवस्थाएं सुधारने के लिए बनाई गई नई इमरजेंसी का संचालन अभी तक शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में पुरानी इमरजेंसी में व्यवस्थाएं न होने के चलते घायल मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, जबकि नई इमरजेंसी में ऑपरेशन थियेटर समेत कई सुविधाओं से लैस हैं। इसका काम पूरा हो चुका है, बावजूद इसके संचालन शुरू नहीं किया गया है।

### सुस्त गति से हो रहा नर्सिंग कॉलेज का निर्माण

मेडिकल कॉलेज में 10 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे नर्सिंग कॉलेज के भवन निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी है, जबकि इस साल नर्सिंग कॉलेज में शैक्षिक सत्र का आगाज होना है। इसको लेकर शासन से 60 सीटें आवंटित भी कर दी गई है, लेकिन अभी तक भवन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। यह भवन 200 बेड अस्पताल के पास बन रहा है। भवन का लगभग 40 फीसदी से अधिक काम अधूरा पड़ा हुआ है। ऐसे में नर्सिंग कॉलेज का शैक्षिक सत्र शुरू होने पर असमंजस बना हुआ है।

> नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। नर्सिंग के लिए 60 सीटें आवंटित कर दी गई है। स्टाफ की भर्ती होने के बाद नई इमरजेंसी की शुरुआत की जाएगी।
> – डॉ. संगीता अनेजा, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज

# भ्रष्टाचार के खिलाफ तहसील परिसर में 22 को होगा धरना



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हिंदू महासभा युवा विंग जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- लंबे समय से जमे अफसर-कर्मचारियों के तबादले की मांग
- पहले भी दिए जा चुके ज्ञापन, एक्शन न होने पर अब चेताया

अमृत विचार: सदर तहसील में भ्रष्टाचार व्याप्त होने के गंभीर आरोप लगाते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा ने 22 जुलाई को धरने का ऐलान कर दिया है। पूर्व में दिए गए ज्ञापन के बावजूद लंबे समय से जमे अफसर-कर्मचारियों के तबादले न होने पर सिटी मजिस्ट्रेट को इसकी लिखित सूचना दी गई है।

अखिल भारत हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट से मिला। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर भी मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की गई और ज्ञापन सौंपा। इसमें चेतावनी दी कि अगर शीघ्र लंबे समय से जमे लेखपाल व अन्य जिम्मेदारों के स्थानांतरण की कार्रवाई नहीं की गई, तो 22 जुलाई की सुबह 10 बजे से सदर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कहा कि शहर कानूनगो तेज बहादुर समेत कई अधिकारी लेखपाल लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं। ये नगरवासियों के जायज काम भी नहीं करते हैं। अनुचित मांग की जाती है। आमजन से अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे पहले भी ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण की मांग की जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस मौके पर जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा विंग जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।







### योजनाओं को समयबद्ध एवं लक्ष्य के अनुरूप करें पूरा: डीएम

पीलीभीत, अमृत विचार : डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध एवं मानक के अनुरूप पूरा कराने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में शनिवार को हुई बैठक में डीएम ने कहा कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए दुग्ध विकास एवं पशुपालन विभाग समन्वय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें। पशुपालन से संबंधित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाये। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ससमय पौधारोपण कर जियो टैग कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने सड़कों के चौड़ीकरण, मरम्मत कार्य, नई सड़कों के निर्माण की जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग सड़कें गड्ढा मुक्त हो चुकी है। इस पर डीएम ने अधूरी सड़कों पर तेजी से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही उन्होंने विभागाध्यक्षों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये, ताकि रैंक में सुधार हो सके। इस मौके पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीडीओ संजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी, डीसी मनरेगा वंदना सिंह आदि मौजूद रहे।

## पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे का हाल



### हादसे को आमंत्रण...

बरखेड़ा, अमृत विचार : पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर कस्बा बरखेड़ा में पुलिया के ऊपर की सड़क धंस गई, जिससे अब गहरा गड्ढा हो गया है। इससे हादसे का डर बना हुआ है। पीलीभीत से बीसलपुर होते हुए खुदागंज कटरा होकर जलालाबाद से होते हुए फर्रुखाबाद से गुजरकर बेबर तक जाने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण बीते वर्ष कराया गया था। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बे के समीप सीमेंट के पाइप डालकर पुलिया बनाई गई थी। कार्यदायी संस्था के द्वारा काफी समय पहले बनी पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण न कराकर सड़क के अंदर पूर्व में बनी पुलिया को चौड़ी करने के लिए दोनों तरफ सीमेंट का साकेट लगाकर एक-एक पाइप दोनों तरफ जोड़ दिया गया था। इसके बाद सीमेंट के पाइप के ऊपर कोलतार मिलाकर बजरी डालकर रोड बना दिया गया। कुछ माह बाद इस पुलिया के ऊपर मार्ग धंस गया था, जिस कारण रोड पर गड्ढा हो गया था। इस मार्ग पर गुजरने वाले दुपहिया वाहन चालकों को हादसे का डर बना हुआ है। इसका सुधार कराने की मांग की है।

# निबंध में नेहा और स्लोगन प्रतियोगिता में अनुष्का अव्वल

पीलीभीत, अमृत विचार: डिवाइन कॉलेज में भूजल सप्ताह के तहत कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को निबंध और स्लोगन प्रतियोगिता कराई। जिसमें जल संरक्षित तो कल संरक्षित विषय रहा। इसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्लोगन प्रतियोगिता में अनुष्का राठौर, युक्ति गुप्ता, उपासना, और निबंध प्रतियोगिता में नेहा मौर्य, अनुष्का राठौर, युक्ति गुप्ता क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। निदेशिका चारु धवन, चेयरमैन आरके धवन, प्राचार्य डॉ. नीरज कुमर जायसवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।




# सपा कार्यकर्ताओं का धरना स्थानीय समस्याओं को रखा



बीसलपुर में धरना प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीलीभीत रोड स्थित अंबेडकर पार्क में धरना दिया। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नागेंद्र पांडेय को सौंपा।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बदहाल है। इसे ठीक कराया जाए। अघोषित बिजली कटौती की रोकथाम की जाए। किसानों को समितियों पर खाद नहीं मिल रही है। ऐसे में खाद उपलब्ध कराई जाए और कालाबाजारी रोकी जाए। कहा कि प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया जा रहा है, जिससे गरीब मजदूरों के बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार है। छुट्टा पशुओं से फसलों की बर्बादी हो रही है। यहां तक कई बार किसानों की जान भी जा चुकीं है। अभी भी छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान नहीं कराया जा सका है। प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बदहाल व्यवस्था को सही कराने की मांग की। धरना प्रदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा एडवोकेट, हरिपाल सिंह लोधी, रामप्रताप गंगवार, मुक्तिदिर हयात खान, ग़ालिब अंसारी, गायत्री गंगवार, मीनाक्षी गंगवार, ध्रुव कुमार वर्मा, केदारनाथ गौतम, विनोद दिवाकर, वीडी प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# स्वीकृति के बाद भी नहीं हो पा रहा आवास का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- भीम आर्मी ने डीएम से की शिकायत, आंदोलन की चेतावनी

अमृत विचार: आवास स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य रुकवाए जाने से नाराज भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार संग धरना प्रदर्शन किया। मगर इसके बाद भी समाधान न होने पर अब डीएम से गुहार लगाई है, जिसमें समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने बताया कि कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर चार की रहने वाली राजरानी पत्नी रामप्रसाद गरीब परिवार से है। पति मजदूरी करते हैं। तीन पुत्री और एक पुत्र संग दंपति झोपड़ी में रहते हैं। प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया गया जोकि स्वीकृत हो चुका है। बीते दिनों निर्माण कार्य को लेखपाल ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर रुकवा दिया। अब परिवार भटक रहा है। प्रशासन द्वारा मदद न मिलने पर 14 जुलाई को बीसलपुर रामलीला मदैान में आमरण अनशन किया गया, लेकिन इसके बाद भी कोई गंभीर कदम नहीं उठाया गया। पीड़ित परिवार की समस्या भी नहीं सुनी गई। भीम आर्मी ने पीड़ित परिवार की मदद कराने की मांग डीएम से की है। इसका ज्ञापन भी सौंपा गया।

## सार-संक्षेप

### मुक्तिधाम में विद्युत शवदाह गृह बनाने की मांग



पीलीभीत, अमृत विचार : केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से शनिवार को मुक्तिधाम समिति ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, जिसमें मुक्तिधाम में सांसद निधि या अन्य किसी मद से विद्युत शवदाह गृह बनाने की मांग की गई। समिति के अध्यक्ष संजय सीए की अगुवाई में सचिव दिलीप अग्रवाल गुड्डू, उप सचिव मनोज पटेल आदि ने ज्ञापन दिया। ये भी बताया कि शहर का एकमात्र मुक्तिघाम है। जिसमें नगर के अलावा आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों की अंत्येष्टि होती है। लकड़ी महंगी होने के कारण कई बार गरीब लोगों के परिजन व लावारिश शवों का दाह संस्कार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विद्युत शवदाह गृह की स्थापना से राहत मिलेगी। इस पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने आशवस्त किया है।

### प्रधान के आवास पर लगा शिविर, दिया प्रशिक्षण



पीलीभीत, अमृत विचार : किरसिल फाउंडेशन के माध्यम से ग्राम मानपुर हटुआ में प्रधान के घर एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आरसीआईटी से आई फिजा खानम और प्रधान सियाराम का सहयोग रहा। फिलिप बुक के माध्यम से बैंक में चल रही योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना अटल पेंशन योजना, बचत खाता, नामांकित व्यक्ति, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, पासबुक एंट्री करने आदि के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। कई लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। संचालन सीएफएल के केंद्र प्रबंधक संजीव कुमार ने किया। इस मौके पर क्रांति देवी, आरती देवी, निरमा देवी, यज्ञवती, दमयंती देवी, रीना देवी, प्रीति देवी, राखी आदि मौजूद रहे।

### फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में मचाया धमाल



पीलीभीत, अमृत विचार : बेनहर गुरुकुल स्कूल में कक्षा प्ले ग्रुप से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई। जिसके तहत सभी कक्षाओं की थीम अलग-अलग रखी गई। कक्षा प्ले ग्रुप की थीम फ्रूट्स, पीएनसी की अंग्रेजी वर्णमाला, कक्षा एनसी की माय स्कूल माय वर्ल्ड, केजी कक्षा की स्मॉल इंसेक्ट्स बिग जॉब, कक्षा प्रथम की वंडर ऑफ वॉटर वर्ल्ड, कक्षा द्वितीय की ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्ट और कक्षा तृतीय की थीम टेक्नोलोजी रखी गई। संबंधित बच्चे वेशभूषा में सुसज्जित होकर विद्यालय आए। बच्चों ने अत्यंत आत्मविश्वास से परिचय दिया और पंक्तियां सुनाईं। हेड मिस्ट्रेस पल्लवी पांडे ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विजेताओं को बधाई दी गई। मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने बच्चों की सराहना की। शिक्षिका खुशबू सिंह ने मंचन किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# कदम-कदम पर मिल रहे पगचिह्न, गिरफ्त में नहीं आ सकी बाघिन

## नदी पार कर डंडिया गांव के नजदीक पहुंची हमलावर बाघिन, वन विभाग की टीम ने तीन घंटे तक चलाया सर्च ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सर्च ऑपरेशन के दौरान बाघिन की तलाश करते डीडी मनीष सिंह व अन्य। ● अमृत विचार



सर्च ऑपरेशन के दौरान पगचिह्न तलाशते बाघ मित्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद के न्यूरिया क्षेत्र में आतंक का पर्याय बनी बाघिन को पकड़ने के लिए शासन स्तरीय टीम भी डेरा डाले हुए है, मगर शनिवार को भी तमाम कोशिशों के बाद भी हमलावर बाघिन वन महकमे की पकड़ से दूर रही। बताते हैं कि हमलावर बाघिन खकरा नदी पार कर गांव डंडिया की सीमा में जा पहुंची। मिले पगचिह्न के आधार पर गांव डंडिया के आसपास तीन घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, मगर बाघिन अता-पता नहीं चला। इधर 54 घंटे बीतने के बाद बाघिन की कोई लोकेशन न मिलने पर वन महकमे ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए अब तीन स्थानों पर ट्रैप एनिमल बांधकर उसे पकड़ने की कवायद शुरू की है।

न्यूरिया क्षेत्र में पिछले करीब 40 दिन से हमलावर बाघिन का आतंक फैला हुआ है। बीते 9 जून से लेकर अब तक हमलावर बाघिन तीन इंसानों की जान ले चुकी है। तीन दिन पूर्व बाघिन ने न्यूरिया क्षेत्र में पांच किमी के दायरे में दो गांवों में ताबड़तोड़ हमले कर एक महिला की जान ले ली, जबकि एक महिला समेत दो लोगों को घायल कर दिया था। गंभीर रूप से घायल हुई सहजनिया गांव की महिला का इलाज लखनऊ में चल रहा है। इधर बाघिन के ताबड़तोड़ हमलों का मामला शासन के भी संज्ञान में आया। इसके बाद अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (टाइगर प्रोजेक्ट) ललित वर्मा, मुख्य वन संरक्षक बरेली वृत्त पीपी सिंह, फील्ड डायरेक्टर रमेश चंद्रा को हमलावर बाघिन के न पकड़े जाने पीलीभीत में ही कैंप करने को निर्देशित किया गया है। इधर हमलावर बाघिन को पकड़ने के लिए वन महकमे की टीमें लगातार प्रयास में जुटी हुई हैं। बीते गुरुवार को हमलावर बाघिन मंडरिया गांव की सीमा से निकलकर करीब 500 मीटर दूर गांव महेशपुर गांव की सीमा में जा पहुंची। बाघिन के मूवमेंट के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए। जिसके बाद वन महकमे की टीमें गांव महेशपुर की ओर दौड़ पड़ी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह शुक्रवार तड़के वन अफसरों के साथ मौके पर पहुंचे थे। वन अफसरों की जांच पड़ताल में बाघिन की आवाजाही के कई पगचिह्न मौके पर मिले, जिसके बाद बेल बाबा स्थल से करीब 200 मीटर वाले स्थान को रेस्क्यू के लिए उपयुक्त मानते हुए तैयारियां की गई। इस दौरान अपर मुख्य वन संरक्षक (प्रोजेक्ट टाइगर) ललित वर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मुख्य वन संरक्षक बरेली वृत्त पीपी सिंह, फील्ड डायरेक्टर रमेश चंद्रा के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारियों का जायजा लिया और वन अफसरों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए थे।

● अब तीन स्थानों पर ट्रैप एनिमल बांधकर बाघिन को पकड़ने की शुरू होगी कवायद



हमलावर बाघिन के पगचिह्न।

### दो स्थानों पर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, सफलता नहीं

शुक्रवार रात वन महकमे ने रणनीति के तहत दो स्थानों पर ट्रैप एनिमल बांधकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। गांव मंडरिया में घटनास्थल के समीप ही ट्रैप एनिमल बांधा गया था। यहां दुधवा टाइगर रिजर्व के ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट डॉ. दयाशंकर को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वहीं दूसरा ट्रैप एनिमल महेशपुर में धार्मिक स्थल के पीछे बांधा गया था। यहां पीलीभीत टाइगर रिजर्व के ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट डॉ. दक्ष गंगवार मौजूद रहे। रात पर दोनों स्थानों पर निगरानी चलती रही, मगर शनिवार सुबह तक हमलावर बाघिन इन स्थानों पर नहीं पहुंची।

### नदी पार इलाके में मिले पगचिह्न, तीन घंटे चला सर्च ऑपरेशन

इधर वन महकमा मंडरिया और महेशपुर में जाल बिछाकर बाघिन के आने का इंतजार कर रहा था, उधर हमला बाघिन के खकरा नदी पार कर गांव डंडिया के सीमा में जाने की सूचना मिली। शनिवार सुबह ही टीमें नदी पार डंडिया गांव की सीमा में जा पहुंचीं। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के नेतृत्व में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। सर्च ऑपरेशन में शामिल वन अफसरों, वन कर्मियों और बाघ मित्रों ने आसपास खेतों और नदी के किनारे बाघिन की तलाश की। इस दौरान हमलावर बाघिन के पगचिह्न भी मिले। मगर, तीन घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद भी हमलावर बाघिन का कही कोई अता-पता नहीं चल सका।

### सर्च के दौरान पूरे बाग में मिले पगचिह्न

सर्च ऑपरेशन के दौरान डंडिया गांव की सीमा में एक बाग के अंदर बाघ के कई पगचिह्न पाए गए। वन अफसरों के मुताबिक बाग में रखवाली के लिए एक कोठरी बनी हुई है। बाग की रखवाली के लिए कोठरी के अंदर बाग मालिक लेटा हुआ था। वन अफसरों का मानना है कि बाघ या बाघिन इंसानी महक की ओर तुरंत आर्कषित होते हैं। संभवता बाग में इंसानी महक के चलते ही बाघिन आसपास घूमती रही, उसी के चलते जगह-जगह पगचिह्न मिले हैं।

### अब तीन स्थानों पर चलेगा रेस्क्यू ऑपरेशन

हमलावर बाघिन के बढ़ती सक्रियता को देखते हुए अब वन महकमे ने एक साथ तीन स्थानों पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का निर्णय लिया है। वन अफसरों के मुताबिक शनिवार शाम मंडरिया, महेशपुर और डंडिया में ट्रैप एनिमल बांधकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा। ऑपरेशन की जिम्मेदारी वन अफसरों के साथ दोनों ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट को दी गई है। वन अफसरों का कहना है कि यदि बाघिन ट्रैप एनिमल का शिकार करने आती है तो उसे हर हॉल में ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू कर लिया जाएगा।

### बाघिन को पकड़ने के साथ हमले रोकना भी बना चुनौती

वन महकमे के लिए बाघिन को पकड़ने के साथ-साथ हमले रोकना भी चुनौती बना हुआ है। हालांकि इसके लिए 10 टीमें बनाई गई है। जिसमें कुछ टीमें प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों को जागरूक करने को लगाई गई है। यह टीमें ग्रामीणों को सुबह-सवेरे अकेले खेतों में न जाने और झुककर कोई कार्य न करने को आगाह कर रही है। शेष अन्य टीमें बाघिन की तलाश में जुटी हुई है।

> उच्च स्तरीय टीम के नेतृत्व में बाघिन को रेस्क्यू करने के लगातार प्रयास चल रहे हैं। दिन में सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया, मगर बाघिन की कोई लोकशन नहीं मिल सकी है। अब दायरा बढ़ाते हुए बाघिन को पकड़ने के लिए तीन स्थानों पर तैयारी की जा रही है। बाघिन को पकड़ने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।
> 
> **- मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व




# बाघ हमले के मृतक और घायलों के परिवार से मिले सपाई



बाघ हमले के पीड़ित परिवारों से मुलाकात करते सपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचार:** बाघ हमले में ग्राम सैजना सैजनिया के ग्रामीण के घायल होने और ग्राम मडरिया की महिला की बाघ हमले में मौत हुई थी। शनिवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में ग्राम मंडरिया पहुंचा और मृतक कृष्णा देवी के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल समाजवादी अधिवक्ता सभा के बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा ने मृतका के पुत्र हीरालाल को आर्थिक सहायता प्रदान की। था घायल निलेश के परिवार से भी संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, जिला प्रवक्ता अमित पाठक, अशोक वर्मा, हरगोविंद गंगवार, शिवकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र में गूंजेगी पीलीभीत बाघ मित्र मॉडल की गूंज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बाघ मित्रों के दल को रवाना कराते पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाघों की सुरक्षा एवं निगरानी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व का बाघ मित्र मॉडल खासा मुफीद साबित होता नजर आ रहा है। इधर अब पीलीभीत के बाघ मित्र महराष्ट्र के चंद्रनगर स्थित तडोबा टाइगर रिजर्व के जंगल वालंटियर्स को मानव-वन्यजीव प्रबंधन के तौर-तरीके की जानकारी देने के साथ उनके द्वारा किए जा रहे प्रबंधन के गुर भी सीखेंगे। इसको लेकर शनिवार को 18 बाघ मित्रों का दल पीटीआर मुख्यालय से तडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व जाने के लिए रवाना हो गया।

जनपद में साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने वर्ष 2019 में बाघ मित्र योजना की शुरुआत की थी। इसमें जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले कुछ जागरूक युवाओं को टीम में शामिल किया। विशेषज्ञों द्वारा इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पदचिन्ह और उनके व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2020 आते-आते सभी वालंटियर्स ने अपनी जिम्मेदारी भली भांति संभाल ली। वर्तमान में 100 से अधिक बाघ मित्र हैं। बाघों की निगरानी एवं उनकी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे पीलीभीत के बाघ मित्र अब महाराष्ट्र के चंद्र नगर स्थित तडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व के जंगल वालंटियर्स को भी अपने काम करने के तौर-तरीकों से रूबरू कराएंगे। साथ ही पीलीभीत के बाघ मित्र वहां के जंगल वॉलटियर्स से मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधके तौर तरीके सीखेंगे।

● पीलीभीत के 18 बाघ मित्रों का दल तडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व हुआ रवाना

इसको लेकर शनिवार को विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के नेतृव में 18 बाघ मित्रों का एक दल तडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व रवाना हो गया। बाघ मित्रों के दल को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रवाना करने से पूर्व डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि तडोबा टाइगर रिजर्व एक प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व है। इसके आसपास भी मानव- वन्यजीव संघर्ष बहुत है। जिसको वह लोग बेहतर ढंग से मैनेज करते हैं। पर्यटन का कार्य समुदाय के द्वारा अच्छा किया जाता है। जल संरक्षण का भी अच्छा कार्य किया गया है। बाघ मित्र वहां जाकर उनके अनुभवों को भी जानने का प्रयास करें, ताकि पीलीभीत टाइगर रिजर्व को भी लाभ मिल सके। दल में बाघ मित्र अतुल सिंह, सुमित्र सिंह, सुखदेव सिंह, राजीव श्रीवास्तव, अमन कुमार,सनाबिल, रामऔतार, राहुल, विनोद राजपूत, मनजीत, विजयपाल, दारा सिंह, दयाराम, इन्द्रजीत, भगवान दास, रवि वर्मा, विपिन कुमार, कमल भारती परियोजना अधिकारी देवल कदम शामिल है। बता दें कि पीलीभीत का बाघ मित्र प्रोजेक्ट दक्षिणी खीरी वन प्रभाग, उत्तरी खीरी वन प्रभाग (दुधवा टाइगर रिजर्व का बफर एरिया), कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में लागू किया जा चुका है।

## बस अनियंत्रित होकर पलटी, आधा दर्जन यात्री घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** अनियंत्रित होकर एक निजी बस चुर्रासकतपुर पुलिस चौकी के पास पलट गई। इस हादसे में करीब आधा दर्ज यात्री घायल हो गए। वहीं चालक कूदकर भाग गया।

बीसलपुर से बरेली के लिए निजी बस शनिवार सुबह 7 बजे चली। चुर्रासकतपुर पुलिस चौकी के पास पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीण व पुलिसकर्मी मदद के लिए मौके पर आ गए। इस दौरान चालक बस से कूद कर भाग चुका था। हादसे में ग्राम बौनी निवासी अनोखेलाल, मोहल्ला दुबे निवासी विकास शर्मा, ग्यासपुर नई बस्ती निवासी गिरधारी, सुरेश कुमार, रिछोला सबल निवासी मुकेश कुमार आदि घायल हो गए। चौकी प्रभारी अंकित यादव ने घायलों को सीएचसी भिजवाया, वहां से रेफर कर दिया गया।



मौके पर पलटी बस और जमा लोग।

# बाघ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को जागरूक करने को शुरू हुआ अभियान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** न्यूरिया क्षेत्र के बाघ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने जागरुकता अभियान शुरू किया गया है। वाहनों के माध्यम से बाघ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को बाघ की मौजूदगी की जानकारी देने के साथ बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया जाएगा।

जनपद के न्यूरिया क्षेत्र में पिछले करीब 40 दिनों से बाघिन का आतंक फैला हुआ है। रोजाना ही आसपास के गांवों में बाघ-बाघिन के पहुंचने का शोर मच रहा है। सूचना पर वन महकमे की टीमें भी मौके पर पहुंच रही है और ग्रामीणों को जागरूक कर रही है, ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इधर अब वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने बाघ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान में आठ वाहनों को शामिल किया है। यह वाहन गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को बाघों की मौजूदगी की जानकारी देने के साथ बाघ की मौजूदगी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराएंगे। शनिवार को अभियान की शुरुआत कर दी गई। वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने बाघ प्रभावित गांवों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें बाघ की मौजूदगी के दौरान सुबह-सुबह खेतों में न जाने, खेतों में अकेले न जाने एवं झुककर कार्य न करने आदि के संबंध में जागरूक किया। डीएफओ ने बताया कि सभी वाहन लगातार बाघ प्रभावित क्षेत्रों में घूमेंगे और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



बिथरा गांव में ग्रामीणों को सावधानियों से अवगत कराते डीएफओ भरत कुमार डीके।

● आठ वाहनों के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी और सावधानियों से कराया जाएगा अवगत

आक्रोश

गिरफ्तारी की मांग पर तीसरे दिन भी कृषि विभाग के कर्मियों की हड़ताल रही जारी, डीएम और सीओ सिटी एक और ज्ञापन

# 54 घंटे बीते... कृषि अधिकारी को थप्पड़ जड़ने वाले की गिरफ्तारी नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




कलेक्ट्रेट में जुलूस निकालते कृषि सेवा संघ से जुड़े कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला पंचायत सभागार में चल रही बोर्ड बैठक के दौरान खाद के सवाल पर हुई बहस के बीच दबंगई दिखाते हुए जिला कृषि अधिकारी को जनप्रतिनिधि और उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में थप्पड़ जड़ दिया गया। ये हमला कैमरे में कैद हुआ और वीडियो वायरल हुए। तीन दिन से कर्मचारी अधिकारी के साथ हुई घटना के विरोध में लामबंद होकर कार्य बहिष्कार पर हैं। हमलावर शख्स की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है, लेकिन पुलिस के स्तर से एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई जांच में उलझ गई है।

भले कर्मचारी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हो, लेकिन पुलिस के स्तर से अभी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। अभी तो पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल कृषि विभाग के कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर सीओ सिटी और फिर डीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने की चेतावनी दी है।

जिला पंचायत सभागार में 17 जुलाई को बोर्ड बैठक चल रही थी, जिसमें तमाम जनप्रतिनिधि और अफसर मौजूद थे। इसी बीच जिला कृषि अधिकारी को थप्पड़ जड़ दिया गया था। हमला कर अभद्रता की गई थी। जिसकी उसी दिन कोतवाली सदर में जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि नितिन पाठक और कथित चालक अरुण प्रताप सिंह उर्फ अनमाल पुत्र राजेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामला तूल पकड़ा हुआ है। इसे लेकर कर्मचारी लामबंद होकर कार्य बहिष्कार पर चले गए थे। शनिवार को भी कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक कार्यालय, भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय, पूरनपुर बीसलपुर आदि कार्यालयों में ताला जड़ कर्मचारी हड़ताल पर रहे। कृषि भवन परिसर में एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया। डीएम के आश्वासन के बाद भी गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई गई। धरनास्थल पर पहुंचे सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी को आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट होते हुए गांधी सभागार पहुंचे। वहां पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को एक और ज्ञापन सौंपा गया। इसमें 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर समस्त कार्यालयों में कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी गई।

### वायरल वीडियो में सब कुछ साफ, फिर भी देरी

कृषि अधिकारी को थप्पड़ मारने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके अलावा भी कई वीडियो हैं, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की मौजूदगी में बोर्ड बैठक के दौरान हमला किया गया। यही नहीं, मौके पर मौजूद जिम्मेदार भी उस वक्त कोई खास एक्शन लेते नहीं दिखाई दे रहे। कोतवाल राजीव कुमार सिंह का कहना है कि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। ऐसे में तमाम चर्चाएं भी तेज हो रही है। ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि कार्रवाई न होने के पीछे कोई राजनीतिक दबाव तो नहीं? फिलहाल पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई की बात कह रही है।

### नया मोड़: भाकियू की कृषि अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

इधर, शनिवार को मामले में नया मोड़ आया है। जिला कृषि अधिकारी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नितिन पाठक पर दर्ज मुकदमे को फर्जी बताया। उनका कहना है कि बैठक में खाद की किल्लत को लेकर सवाल किए गए, लेकिन गलत तरीके से रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अगुवाई में बड़ी संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें खाद की आपूर्ति में अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराने, कृषि अधिकारी पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का मुकदमा दर्ज करने, किसानों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को निरस्त कराने, खाद की पारदर्शी वितरण प्रणाली लागू करने, कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की गई।



# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

पंजी. सं. 19706

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693
9837338306


# अब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से पालिका के कार्यों की शिकायत, जांच की मांग

## कई सभासदों ने की मुलाकात, विकास के कार्य के नाम पर धांधली के लगाए आरोप

थम नहीं रही रार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीलीभीत पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मिले कई सभासद

**अमृत विचार:** नगर पालिका पीलीभीत में जनप्रतिनिधियों के बीच चल रही रार थम नहीं सकी है। अधिकारियों के बाद तमाम सभासदों ने पीलीभीत पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें विकास कार्य में धांधली समेत कई अन्य संगीन आरोप लगाते हुए जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। वैसे तो सभासदों की ओर से पहले भी कई बार विभिन्न मुद्दों पर नगर पालिका की ओर से कराए जा रहे कार्यों से जुड़ी शिकायतें डीएम, एडीएम समेत अन्य अधिकारियों से की जाती रही हैं। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पीलीभीत पहुंचे थे। इस दौरान कई सभासद एकजुट होकर उनसे मुलाकात करने पहुंचे और नगर पालिका से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। इसमें कुल 13 सूत्रीय मांगों पर अपनी बात रखी गई। इस ज्ञापन में कर्मचारियों की समस्याएं, नाला सफाई के ठेके समेत कई कामों को लेकर जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत पत्र में सुरेश कुमार लोधी, सुनीता सिंह, एहतिशाम वली खां, माया देवी, ऊषा देवी, शिखा वर्मा, चैतन्य गंगवार, पुष्पा उपाध्याय, महनाज बेगम, रत्ना शुक्ला राजेंद्र कुमार भारती आदि सभासदों के हस्ताक्षर थे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को शिकायत पत्र सौंपते सभासद।

### सभासद बोले : नियमानुसार नहीं हो रहा काम, छवि हो रही धूमिल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दिए गए ज्ञापन में कहा कि आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन वृद्धि नहीं की जा रही। पीपीएफ और बीमा के रुपये जमा न करके कर्मचारियों की संख्या अधिक दर्शाकर कम वेतन देकर शोषण करने का आरोप लगाया। स्वास्थ्य विभाग में पंजी, फावड़े, ठेले, गाड़ियों की खारीद और रिपेयर के नाम पर गोलमाल की बात कही। ढाई करोड़ से की गई लाइट खरीद में गड़बड़ी बताई। कहा कि जिस फर्म क पिछले साल भुगतान रोका गया उसी को नाला सफाई का ठेका दिया गया। उसमें भी लापरवाही बरती गई। सभासदों की कमेटियां गठित न होने पर नाराजगी जताई। ये भी आरोप लगाया कि सफाई निरीक्षक के सगे रिश्तेदार फर्म बनाकर ठेकेदारी कर रहे हैं। जलकल विभाग में रिपेयरिंग और खरीद के नाम पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। कहा कि नियमानुसार कार्य न होने से छवि धूमिल हो रही है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**पीलीभीत ,अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वल्लभनगर कॉलोनी के रहने वाले राकेश गुप्ता का बीते दिनों निधन हो गया था। शनिवार को उनके आवास पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता पहुंचे और गमगीन परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई।

शनिवार सुबह भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल पहुंचे। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और फिर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी घर पहुंचकर परिवार से मुलाकात की। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव प्रताप सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल आदि कई नेता मौजूद रहे। आज रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार सुबह करीब 11 बजे बल्लभ नगर कॉलोनी में पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय राकेश गुप्ता के आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा प्रदेश के राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख दोपहर 12:45 बजे राकेश गुप्ता के आवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

# राज्यमंत्री ने झंडी दिखाकर सवारी गाड़ी को कराया रवाना



मिघौना हाल्ट पर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना कराते जितिन प्रसाद।

संवाददाता, बीसलपुर

- मिघौना हाल्ट पर किया गया आयोजन, उमड़ी रही भीड़

**अमृत विचार:** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने पीलीभीत से शाहजहांपुर के लिए शुरू की गई सवारी गाड़ी को मिघौना हाल्ट पर पहुंचकर झंडी दिखाकर रवाना कराया। कई जनप्रतिनिधि, अफसर एवं संभ्रात नागरिक मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहेगी। उन्होंने शुरू हुई ट्रेन की ओर इशारा करते हुए कहा, कि यह तो सांकेतिक विकास की रोशनी है। जनता ने मुझ पर जो विश्वास प्रदर्शित किया है। उसे कभी टूटने नहीं दूंगा। कहा कि इस ट्रेन के चलने से विद्यार्थियों, व्यापारियों, महिलाओं और मरीजों को आवागमन में सुविधा होगी। यह ट्रेन विकास की ट्रेन होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ट्रेन शाहजहांपुर से पीलीभीत प्रत्येक स्टेशन व हाल्ट पर रुकती हुई जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि शीघ्र ही टनकपुर से लखनऊ की ओर भी ट्रेन चलवाने का प्रयास करेंगे। ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने पर उन्होंने तहसीलदार को बुलाकर ग्राम चठिया में कई लोगों को चोटिल कर चुके सांड को पकड़वाकर गोशाला में छुड़वाने के निर्देश दिए। इस मौके पर बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्मा, महीप सिंह, कमलेश गंगवार, रामसेवक शर्मा, डीआरएम वीणा सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# पंजीकरण दस्तावेज दिखाने पर खुला क्लीनिक

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कस्बे में ग्रामीण बिजली घर रोड पर स्थित दुर्गा कुमुद क्लीनिक के पंजीकरण दस्तावेज स्पष्ट न होने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष शर्मा ने 15 जुलाई को क्लीनिक सील कर दिया था।

कार्रवाई के दौरान संचालक और डॉक्टर में नोंकझोंक भी हुई थी। पुलिस के सहयोग से क्लीनिक सील कर दिया गया था। इस दौरान क्लीनिक के संचालक के पिता ने एमओआईसी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। क्लीनिक के संचालक पर यूनानी डिग्री पर अंग्रेजी दवा बेचने का भी आरोप लगाया गया था। संचालक ने क्लीनिक के दस्तावेज पूरे करा लिए। शनिवार को संचालक ने सील क्लीनिक को खोल दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि दुर्गा कुमुद क्लिनिक के संचालक ने पंजीकरण दस्तावेज पूर्ण कर लिए हैं। इस पर क्लीनिक खुलवा दिया गया है। संचालक को दवाओं की सूची दे दी गई है। यूनानी डिग्री पर आयुर्वेदिक दवाएं ही संचालक बेच सकते हैं।

# युवक की छाती पर बैठकर पीट रहे सिपाही का वीडियो वायरल

**गजरौला, अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर एक सिपाही का युवक की छाती पर बैठकर उसकी पिटाई करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। मामला शुक्रवार रात का है। चंपावत इलाके का रहने वाला नीरज जोशी गजरौला थाना से चंद कदमों की दूरी पर एक होटल में काम करता है। आरोप है कि उसकी होटल मालिक से रुपये के लेनदेन को लेकर बहस हो गई। इसी पर होटल मालिक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी 112 के सिपाही ने नीरज को सड़क पर पटका और उसकी छाती पर बैठकर पिटाई कर दी। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। अब वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी गई है।



युवक की पिटाई करता सिपाही।

# करंट लगने से श्रमिक की मौत, पत्नी गंभीर



विलाप करते मृतक जगदीश के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत



मृतक जगदीश।

- घर में लगी मोटर के तार में करंट उतरने से हुआ हादसा

**अमृत विचार:** घर में लगी मोटर के तार में करंट उतरने से एक श्रमिक की मौत हो गई। जबकि उसे बचाने पहुंची पत्नी करंट की चपेट में आने से झुलस गई। महिला को सीएचसी भर्ती कराया गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर मु. रम्पुरा फकीरे के निवासी जगदीश सिंह (40) पुत्र निर्मल सिंह मजदूरी करते थे। शनिवार को जगदीश घर में लगी मोटर के तार में टेप लगा रहे थे। अचानक उसमें करंट उतर आया, जिसकी चपेट में जगदीश आ गए। पति की चीख सुनकर पत्नी रामवती उन्हें बचाने दौड़ी। जगदीश को छूते ही रामवती को भी करंट लगा। शोर पर पड़ोस के ही रहने वाले भाई रतन सिंह घर पहुंच गए। उन्होंने तार खींचकर दंपति को बमुश्किल बचाया। आसपास के अन्य लोग भी जमा हो गए। आनन-फानन में दोनों को पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने जगदीश को मृत घोषित कर दिया। जबकि रामवती को सीएचसी में भर्ती कर लिया है। जगदीश की मौत की जानकारी होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतक के एक पुत्र व चार पुत्रियां हैं। इनमें से तीन की शादी हो चुकी है।

## सार-संक्षेप

### शतरंज प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग, हुए पुरस्कृत



**पीलीभीत ,अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों ने अपनी शतरंज कौशल का प्रदर्शन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेताओं ने बाजी मारी। जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान मयंक हलदर, द्वितीय स्थान मोहम्मद अयान, तृतीय स्थान अनुज कुमार, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर संध्या, द्वितीय स्थान अर्पिता ने प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान तुषार मेहरबानी, द्वितीय स्थान कर्तव्य, तृतीय स्थान प्रिंस छाबड़ा, सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पलकधीर, द्वितीय स्थान मनप्रीत कौर, तृतीय स्थान वंशिका ने प्राप्त किया। स्कूल की सुरभि कॉलोनी शाखा में भी सफल आयोजन हुआ। वहां अभिनव, अभिनव वर्मा, सार्थक पाल ने क्रमश : प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, खेल शिक्षक ऋतुराज, अनूप, अद्वितीय आदि मौजूद रहे।

### सूफी इरफान मियां कदीरी के नमाजे जनाजा में उमड़ी भीड़



**पीलीभीत, अमृत विचार :** हजरत अल्लामा मुफ़्ती मोहम्मद हसन मियां किब्ला कदीरी के छोटे भाई हजरत सूफी इरफान मियां किब्ला कदीरी की नमाजे जनजा में भीड़ उमड़ी। दूर-दराज से बड़ी संख्या में मुरीदों ने नमाजे जनाजा में शिरकत की। बता दें कि इरफान मियां शुक्रवार को दुनिया से रुखसत हो गए थे। खानकाहे उस्मानिया कदीरिया पर खिराजे अकीदत पेश की गई। खानकाहे अहमदिया, भटपुरा शरीफ, खानकाहे एजाजिया, रामपुर, दरबारे शाहजी मियां हुजूर से शहजाद-ए-हुजूर हाफिज हफीज मियां शेरी, इजहार मियां, अरशद मियां, खानकाहे नसीरिया से हजरत वजाहत मियां शेरी, जावेद मियां शेरी आदि ने मगफिरत की दुआ कर खिराजे अकीदत पेश की। नम व गमगीन आखों से रुखसत किया गया। इस दौरान मस्जिद कमेटी के सेक्रेटरी हाजी मोहसिन खां, मुदस्सिर खां, हाजी गुलफाम बेग, सूफी अतहर अली, पूर्व सभासद आमिर खां, इकबाल खां, नवी अहमद, मोहम्मद मिनहाज खां आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दमखम



**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल बल्लभनगर में शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। सर्वप्रथम स्कूल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार धवन, निदेशिका चारू धवन ने रिवन काटकर शुरुआत कराई। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिताओ का महत्व बताया। किस प्रकार शरीरिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राइमरी वर्ग कक्षा पीएनसी से एसकेजी तक इंग्लिश रेसिटेशन प्रतियोगिता में चिराग, गारगी, सृष्टि, एसकेजी से अभिनव, आरूषी, प्रखर, जेकेजी से आरोही, क्रिश, ह्रिदयाशी, मान्या, कक्षा प्रथम से चार तक इंग्लिश कर्सिव राइटिंग कम्प्टीशन प्रतियोगिता में ललित, अर्जित, प्रज्जवल, कैलिश विजयी रहे। कक्षा पांच से कक्षा आठ तक चार हाउसों ने प्रतिभाग किया, जिसमें विजडम हाउस विजयी रहा। विजडम हाउस में सोनाक्षी, सुनील, रिचिता, आदित्य, आयुष थे। सभी छात्र/छात्राओ का प्रदर्शन अच्छा रहा।

### प्रेस क्लब पीलीभीत का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न केंद्रीय राज्यमंत्री ने दिलाई शपथ

**पीलीभीत ,अमृत विचार :** शहर के एक बरात घर में शनिवार को प्रेस क्लब पीलीभीत का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद, जबकि विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार रहे। पीलीभीत को मॉडल जिला बनाने के लिए मीडिया की भूमिका को अहम बताते हुए सहयोग मांगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री व महामंत्री वैभव शुक्ला के नेतृत्व में नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ली। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने ईमानदारी व जिम्मेदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने समाज के विकास में मीडिया का महत्व बताते हुए सरकार की उपलब्धियां बताई। मीडियाकर्मियों को अतिथियों ने शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एमएलसी सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान आदि मौजूद रहे।


# SEXOLOGIST

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, नि:संतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

# डा. शेख

Best Sexologist in india आयुर्वेदा

मिलें हर मंगलवार

ईसाईयों की पुलिया बरेली

निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड

9837023223


# चोरी और लूट में पुलिस नहीं जुटा सकी सुराग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चंदोई और ड्रमंड कॉलेज गेट पर हुई थी वारदात

**अमृत विचार :** 25 दिन पहले बंद मकान में हुई चोरी के मामले कोतवाली पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस सिर्फ मकान के पास लगे सीसीटीवी फुटेज ही खंगाल कर रह गई। इसी तरह टनकपुर हाईवे पर हुई लूट के मामले में भी पुलिस को कोई क्लू नहीं मिल सका है। हालांकि जिम्मेदार जल्द खुलासा करने के दावे कर रहे हैं।

घटना 26 जून की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदोई निवासी इकबाल हुसैन अपने परिवार के साथ हल्द्वानी गए हुए थे। वहां उनकी पत्नी का इलाज चल रहा था। घर पर ताला बंद था। इसी बीच चोर ताला तोड़ मकान में घुसे और नकदी जेवरात समेट ले गए थे। पुलिस ने मौका मुआयना कर पड़ोस में लगे एक सीसीटीवी में फुटेज आने की बात कही थी, लेकिन फुटेज मिलने के बाद भी कोतवाली पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। दूसरी घटना 14 जुलाई की है। सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव पिपरा भगु की रहने वाली भगवती अल्ट्रासाउंड कराने मेडिकल कॉलेज गई थीं। अल्ट्रासाउंड कराने के बाद वह वापस आ रही थी। तभी थककर वह कॉलेज के पास बने यात्री शेड में बैठ गई थीं, जहां पहले से बैठे दो बाइक सवार बदमाश मौका पाकर महिला के कुंडल लूटकर भाग गए। इस मामले में भी कोतवाली पुलिस को कोई सुराग नहीं लगा है। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ही मामलों में टीमें लगी हुई है। जल्द ही घटना वर्कआउट किया जाएगा।

# बाहर से दवा खरीदने को न लिखें डॉक्टर: सीएमओ

**बीसलपुर, अमृत विचार:** सीएमओ ने सीएचसी का औचक निरीक्षण कर मरीज को दी जा रही सुविधाओं व दवाओं के बारे में जानकारी की। एक डॉक्टर द्वारा दवा मेडिकल स्टोर से लिखने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साफ कहा कि बाहर से दवा न लिखी जाए। इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ डॉ. आलोक कुमार शर्मा शनिवार को सीएचसी पहुंचे। उन्होंने चिकित्सालय का निरीक्षण कर हकीकत जानी। इस दौरान चिकित्सालय में गंदगी मिलने पर अधीक्षक डॉ. लेखराज गंगवार से नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई कर्मियों के विरुद्ध सख्ती से कार्य लेने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर मोहम्मद आजम द्वारा एक महिला मरीज को मेडिकल स्टोर से दवा लिखने पर डॉक्टर को बुलाकर फटकार लगाई।

# गोकशी करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, घुंघचिहाई

- घुंघचिहाई पुलिस ने तमंचा व औजार किए बरामद, जेल भेजा

**अमृत विचार:** अभयपुर गांव के सामने नहर पटरी की झाड़ियों में हुई गोकशी की वारदात में पुलिस ने दो और तस्करों को धर दबोचा। वह दोबारा से घटना करने पहुंचे थे। पुलिस ने असलहा और गोकशी से जुड़े उपकरण बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बता दें कि 16 जुलाई को क्षेत्र के अभयपुर में नहर पटरी की झाड़ियों में गोकशी हुई थी। खास बात थी कि एक घटना के बाद पुलिस मौका मुआयना कर चली गई और फिर तस्करों ने दोबारा वारदात कर दी थी। इस मामले में एक तस्कर को पुलिस जेल भेज चुकी थी। शुक्रवार रात तस्कर दोबारा क्षेत्र में सक्रिय हुए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने अब दो अन्य गोमांस तस्कर पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के निवासी फुरकान पुत्र ईशाक और शेरपुर कलां निवासी कामिल उर्फ मुरादी पुत्र गट्टा को गिरफ्तार कर लिया है। दरोगा विजय वीर सिंह ने बताया कि आरोपियों से दो तमंचे, कारतूस और गोकशी में इस्तेमाल उपकरण बरामद किए गए।



पुलिस की गिरफ्त में गोमांस तस्कर।

## एक नजर

### मारपीट की चार के नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** जनपद शाहजहांपुर के थाना खुटार क्षेत्र के गांव मंडनापुर निवासी शहर बानो पत्नी मोहम्मद इकबाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 जुलाई को दोपहर एक बजे उसके ससुर अब्दुल कादिर, इकबाल, देवर सलमान और रहमान ने उसके भाई आजाद, भाभी मौसिंदा पत्नी हारून निवासी ग्राम संसारपुर थाना मैलानी को सुलह के बहाने गोला तहसील बुलाया और तहसील के निकट सभी ने एक राय होकर उसके परिवारीजनों को गालियां देते हुए लात, घूसों, डंडों से मारा पीटा, जिससे आजाद और मौसिंदा बानो का सिर फूट गया। विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने अब्दुल कादिर, इकबाल, सलमान और रहमान के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### घर में घुसे चोर ले गए नकदी व जेवर

**मैगलगंज, अमृत विचार :** मैगलगंज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी राम सिंह ने बताया कि हम सभी लोग अपने परिवार के साथ सो रहे थे। तभी चोरो घर में घुस गए और एक जोड़ी झुमकी, पांच पेंडल सोने का माला, एक जोड़ी चांदी की पायल, डेली यूज पायल एक जोड़ी, धान बिक्री कर नगद 1 लाख रुपये चोरी कर ले गए। बहू शिववती पत्नी ओमवीर की सोने की एक जोड़ी झाले, एक मांग टीका सोने का, सोने की नाक की नथनी, सोने का तीन तोला हार, सोने के कान के कांटे, दो कुंडा माला, सोने के दो हाय, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, चांदी का कमर बिछुआ, चांदी के पायल एक जोड़ी, चांदी की करधनी, चांदी के कंगन बच्चों के, 6000 नगद रुपये समेत करीब 10 लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### मायके में महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**निघासन, अमृत विचार :** पढ़ुआ थाने के गांव ढखेरवा खालसा निवासी रामऔतार की पुत्री रिंकी (22) रिंकी की शादी लगभग चार माह पूर्व निघासन कोतवाली क्षेत्र के गांव चिड़ीमारन पुरवा निवासी राकेश से हुई थी। कुछ दिन पहले ही रिंकी ससुराल से मायके आई थी। रिंकी ने शुक्रवार रात अज्ञात कारणों से गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि शनिवार को उसको ससुराल जाना था, लेकिन रात में ही उसने जान दे दी। मायके और ससुराल वालों ने आपसी सहमति से उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव जटपुरवा निवासी नफीस की 19 वर्षीय बेटी सबिहुननिशा ने शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो वह सबिहुननिशा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे, रास्ते में सबिहुननिशा ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

# कार्रवाई के बाद भी खाद की दुकानों पर धक्के खा रहे किसान

## रात में चोरी-छिपे खाद बेच रहा था भारत फर्टिलाइजर्स, जांच में हुई पुष्टि, स्टॉक पाया गया कम, दुकान बंद, गोदाम में छिपाकर रखी यूरिया मिली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** समितियों पर यूरिया वितरण में लापरवाही और हंगामा होने के बाद डीएम की सख्ती पर कार्रवाई शुरू हो गई है, लेकिन कई समितियों पर खाद उपलब्ध न होने के कारण किसान अब भी धक्के खा रहे हैं। शनिवार को कई समितियों पर खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों को लौटना पड़ा तो कई जगहों पर किसानों की लाइनें लगी रहीं। कुछ जगहों पर किसानों ने प्रदर्शन किया। वहीं, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा सहित सभी एसडीएम व कृषि विभाग के अधिकारी निरीक्षण और छापेमारी करते रहे। प्रशासन के इन प्रयासों के बाद भी जिले में खाद का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

पलिया में संचालित भारत फर्टिलाइजर्स पर उर्वरक की शुक्रवार रात अवैध बिक्री की जा रही थी। सूचना पर नायब तहसीलदार पलिया और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ने मौके पर पहुंचकर दुकान की जांच की। हालांकि जांच के दौरान दुकान बंद पाई गई। जब दुकान खुलवाई तो वहां मात्र चार बोरी यूरिया और गोदाम में 35 बोरी यूरिया मिली। जबकि सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के रिकॉर्ड के अनुसार, 18 जुलाई को भारत फर्टिलाइजर्स के पास 113 बोरी यूरिया स्टॉक में थीं। इस आधार पर स्पष्ट हुआ कि बीती रात भारी मात्रा में अनियमित तरीके से उर्वरक का विक्रय किया गया। अनियमितता को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने नियमानुसार सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने साफ संकेत दिया है कि किसानों को मिलने वाले खाद पर किसी भी स्तर पर कालाबाजारी, जमाखोरी या नियमविरुद्ध बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एफआईआर के साथ ही सख्त कार्रवाई होना तय है।



पीड़ित किसान से मिलने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह। ● अमृत विचार



समिति पर खाद लेने पहुंचीं महिलाओं के टोकन देखतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

### डीएम ने समिति पर जांची खाद वितरण की व्यवस्था

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** यूरिया खाद के संकट और मारामारी को खत्म करने के लिए शनिवार को फिर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व्यवस्था को जांचने पहुंचीं। डीएम ने तहसील मितौली क्षेत्र के दो प्रमुख उर्वरक वितरण केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत की। साथ ही खाद वितरण वाले रजिस्टर, टोकन प्रणाली और अभिलेखों की जांच की। डीएम सबसे पहले बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड (बी-पैक्स), कस्ता पहुंचीं। यहां खाद लेने पहुंचे किसानों से उन्होंने बात की और टोकन वितरण प्रणाली की पड़ताल की। उन्होंने वितरण काउंटर पर मैन्युअल और डिजिटल एंट्री को देखा और किसानों के खसरा, खतौनी सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। समिति के कार्य से किसान संतुष्ट नजर आए। बाद में डीएम गिरी फर्टिलाइजर विक्रय केंद्र बेहजम पहुंचीं। यहां भी उन्होंने किसानों से बातचीत की और दस्तावेजों का मिलान किया। डीएम ने कहा कि सभी को खाद मिलनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### पुलिस के लाठीचार्ज से भाजपा जिलाध्यक्ष खफा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खाद समस्या से परेशान किसानों ने जाम लगाया तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इससे भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह खफा हैं और उन्होंने पीड़ित किसान के घर जाकर उससे और उसके परिवार वालों से मिलकर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। कहा कि उन्हें न्याय मिलेगा। बता दें कि थाना फरधान के गांव मनवापुर निवासी पीड़ित राज किशोर एवं उसके परिजनों से मिले। उन्होंने उसकी मां से पूरी जानकारी ली। कहा कि जाम हटाने के नाम पर की गई कार्रवाई से वह पूरी तरह क्षुब्ध है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। कहा कि मामले को लेकर उन्होंने उच्च अधिकारियों से भी बात की है। न्याय दिलाने का भरोसा दिया। भाजपा के जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र ने बताया की इस मौके पर जिलाध्यक्ष के साथ जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह अनुराग मिश्रा, फरधान मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष वर्मा, बृजनंदन मिश्रा, चंद्र भाल मिश्रा, बाल मुकुंद दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### यूरिया के लिए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ। मिशन सामाजिक परिवर्तन के पदाधिकारियों ने किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम सबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। अध्यक्ष रमाकान्त चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एसडीएम युगांतर त्रिपाठी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में किसानों को यूरिया खाद समय से उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खाद की कमी से वितरण केंद्रों पर लम्बी कतारें लग रही हैं। कई वितरण केंद्रों पर पुलिस द्वारा भीड़ नियंत्रित करने के वास्ते किसानों पर बर्बरतापूर्ण लाठी डंडे बरसाए जा रहे हैं। मांग की है कि जनपद में तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देते समय अधिवक्ता विवेक कुमार गौतम, अशर्फीलाल गौतम, विक्रम सिंह, चुन्नी लाल गौतम, सरजीत कुमार, मनोज रावत, अनुज कुमार गौतम, संतोष भारती आदि मौजूद रहे।

### भल्लिया बुजुर्ग समिति पर नेटवर्क न होने से किसानों में रोष

**केशवापुर, अमृत विचार :** सदर ब्लाक की ग्राम पंचायत भल्लिया बुजुर्ग स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (वी पैक्स) में पुलिस की निगरानी में यूरिया वितरण हुआ। यहां पॉस मशीन में नेटवर्क न होने के कारण किसानों में गुस्सा देखा गया। कुछ किसान हस्तक्षेप कर रहे थे, जिन्हें पुलिसकर्मियों व समिति के सचिव प्रबलदीप अवस्थी ने माइक से एलाउंस करते हुए खदेड़ा। कुछ किसानों की कर्मचारियों से बोरियों की संख्या को लेकर कहासुनी भी हुई, जिसे जागरूक किसानों ने समझा बुझाकर शांत करा दिया। समिति सचिव ने बताया कि उनके यहां कोई समस्या नहीं है।



### अब खाद की उपलब्धता की मिलेगी जानकारी

प्रशासन की एक नई पहल के तहत अब किसानों को यह जानने में सुविधा होगी कि उनके क्षेत्र में किस निजी दुकान पर उर्वरक उपलब्ध है। इसके लिए प्रत्येक पैक्स समिति परिसर में उन निजी विक्रेताओं की सूची चस्पा की गई है, जहां खाद की उपलब्धता बनी हुई है। किसान इस सूची को देखकर अपनी आवश्यकता के अनुसार सीधे संबंधित दुकान से उर्वरक ले सकेंगे। इस व्यवस्था से समितियों पर अनावश्यक भीड़ नहीं जुटेगी और वितरण प्रणाली अधिक व्यवस्थित व पारदर्शी हो सकेगी।

### भाकियू ने की दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**गोला गोकर्णनाथ।** भारतीय किसान यूनियन ने यूरिया खाद को लेकर महिला और उसके बेटे पर लाठी चार्ज करने को लेकर दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में हजारों किसान लखनऊ में डीजीपी का घेराव करेंगे। जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम मनवापुर में यूरिया खाद को लेकर बुजुर्ग महिला और उसके बेटे की पुलिस द्वारा की गई पिटाई को लेकर कड़ी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा की अगुवाई में हजारों किसान लखनऊ में डीजीपी का घेराव करेंगे।

# किसान संगठनों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार :** जिले में यूरिया को लेकर मची मारामारी और थाना फरधान क्षेत्र में खाद को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज की घटना से नाराज किसान संगठनों ने शनिवार को तहसील पहुंचकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। अभाकिम व भाकियू (टिकैत) ने संयुक्त रूप से एसडीएम राजीव निगम को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि जिले में खाद की बड़ी समस्या बनी हुई है। भदूरा साधन सहकारी समिति पर खाद लेने गई महिला किसान और उसके बेटे को लाठियों से पीटा। उन पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके किसानों को नियमित रूप से खाद मुहैया कराने की गारंटी देने, शारदा और कैलाशपुरी बैराजों के सभी गेट 15 जुलाई से 15 सितंबर तक खुले रखने की मांगें हैं।



एसडीएम राजीव निगम को ज्ञापन देते किसान संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

● **यूरिया की कमी और किसानों पर लाठीचार्ज पर जताया कड़ा विरोध**

इसके अलावा प्रदेश सरकार के बिजली के निजीकरण के फैसले पर रोक लगाकर 200 यूनिट बिजली फ्री तथा 18 घंटे बिजली देने की गारंटी की मांगें शामिल हैं। किसानों ने समस्या का जल्द समाधान न होने पर व्यापक धरना-प्रदर्शन करने की बात कही गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रगट सिंह, रंजीत सिंह, जसपाल सिंह पल्ला, जसविंदर सिंह, कृष्णा अधिकारी, रामदरस, रंजीत सिंह और मनोज कुमार आदि शामिल थे।

## त्रिलोक गिरी मंदिर मार्ग मरम्मत कराने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मोहल्ला ऊंचीभूड़ निवासी शिवम कश्यप के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित उप जिला अधिकारी युगांतर त्रिपाठी को दिये ज्ञापन में कहा है कि सिनेमा रोड से भूतनाथ रेलवे क्रॉसिंग तक त्रिलोक गिरि मंदिर मार्ग जर्जर हो चुका है। मार्ग पर दूर दराज से आने वाले लाखों कांवड़िया शिव मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक कर त्रिलोक गिरि मंदिर और भूतनाथ मंदिर दर्शनार्थ जाते हैं। यह मार्ग भूतनाथ रेलवे क्रासिंग तक जर्जर होने से कांवड़ियों, राहगीरों, नगर निवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। उन्होंने इस मार्ग की शीघ्र ही मरम्मत करवाने की मांग की है। ज्ञापन देते समय दिनेश सिंह, किशन गुप्ता, खुशीराम, शुभम, शिवम मिश्रा, अजीत आदि मौजूद रहे।

# रोजगार सेवक के खिलाफ ग्राम प्रधान व मजदूरों ने दिया धरना

संवददाता, मितौली

**अमृत विचार :** क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओदारा के प्रधान अपने मजदूरों का ग्राम पंचायत में हुए कार्य का पैसा दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डीएम के सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन शनिवार को तहसील में ग्राम प्रधान ने मजदूरों के साथ प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की। आरोप है कि ओदारा ग्राम पंचायत का रोजगार सेवक अपने मन मर्जी से मज़दूरों का भुगतान लगा रहा है, जिसकी कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

शनिवार को ग्राम पंचायत ओदारा के प्रधान राजेन्द्र कुमार अपने ग्राम पंचायत के तमाम मज़दूरों के साथ तहसील पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उनका आरोप था कि ग्राम पंचायत में महेश के नल से नदी तक मिट्टी पटाई का कार्य मनरेगा के तहत करवाया गया। जिसका मजदूरों ने जब भुगतान मांगा तो वह विवाद करने लगा। इस बात की जब शिकायत प्रधान से की तो वह दबंगई करते हुए प्रधान के साथ भी अभद्रता की। इसकी शिकायत विकास खंड के अफसरों से की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुआ। धरना-प्रदर्शन के बाद प्रधान और मजदूरों ने तहसील दिवस में पहुंची डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मामले की शिकायत की है। डीएम ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान सचिन सिंह, नितिन सहित कई मजदूर मौजूद रहे।



तहसील परिसर में रोजगार सेवक के खिलाफ धरना देते प्रधान व मजदूर। ● अमृत विचार

● **डीएम की मौजूदगी में समाधान दिवस के समय तहसील में किया प्रदर्शन**

# नगर पालिका अध्यक्ष ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर के एलआरपी चौराहा के पास कांवड़ियों के लिए नगर पालिका की तरफ से बनाए गए विश्रामालय के निकट शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जा रहे कांवड़ियों पर गुलाब के फूलों की वर्षा की। उन्हें बिस्किट, पानी और भोजन भी उपलब्ध कराया। इससे पहले विश्राम गृह का पालिका अध्यक्ष ने ईओ के साथ मिलकर उद्घाटन किया।



कांवड़ियों को बिस्किट वितरित करतीं नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव।

नगर पालिका ने एलआरपी चौराहा के पास ओवरब्रिज के नीचे कांवड़ियों के लिए विश्रामालय बनाया है। जिसका शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव और ईओ संजय कुमार ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन किया। इस दौरान छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जा रहे कांवड़ियों के जत्थे पर गुलाब के फूलों की वर्षा की। इस दौरान पूरा वातावरण शिव की भक्ति में रंग गया। कांवड़ यात्रियों को बिस्किट, पानी और खाने की व्यवस्था कराई गई। बतादें कि विश्राम गृह में कुर्सियों के साथ ही बिस्तर, हेल्थ कैंप, शुद्ध पेयजल और शौचालय आदि की भी व्यवस्था की गई है। समाजसेवियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन चल रहा है। इस दौरान कपिल श्रीवास्तव, मधुलिका त्रिपाठी, मीनू गुप्ता, बजरंग शर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

● **बिस्किट, पानी और खाने की भी कराई व्यवस्था**

## शिक्षक की पिटाई से छात्र घायल, डीएम से शिकायत

**मितौली, अमृत विचार :** कस्बे में संचालित केंद्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 10 के छात्र इमरान के चाचा ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक रामपाल सिंह, राजीव श्रीवास्तव ने वेबजह प्रार्थना स्थल पर जातिसूचक शब्द कहते हुए छात्र इमरान की पिटाई कर दी।

पिटाई में उसके कान से खून बहने लगा। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल को रेफर कर दिया है। बच्चे के परिजनों ने विद्यालय के प्राचार्य सहित कमिश्नर से शिकायत की है। वहीं तहसील दिवस में एसपी संकल्प शर्मा ने छात्र का मेडिकल करवाकर कार्रवाई की बात कही है। विद्यालय के प्राचार्य संजीव सक्सेना ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। अध्यापकों को बुलवाकर एडवाइजरी जारी की गई है। जिसकी रिपोर्ट विद्यालय समिति को भेजी जाएगी, जो आदेश होगा। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जालसाजी कर ठग लिए सात लाख रुपये

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी सुमित्रा पत्नी पंकज मिश्रा और स्नेह देवी पत्नी ओमप्रकाश मिश्रा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा कि लक्ष्मीनगर कॉलोनी निवासी रीतू देवी पत्नी अनिल कुमार और राजेपुर निवासी मधु पत्नी रावेंद्र कुमार को सात लाख देकर जमीन का बैनामा कराया था। जब लेखपाल को मौके पर पैमाइश कराई तो जिस गाटा संख्या का बैनामा हुआ है, वह गाटा संख्या है ही नहीं। तब उन्हें जालसाजी का पता चलने पर आरोपियों से रुपया वापस करने को कहा तो उन्होंने रुपया वापसी के बजाय धमकी दी। उन्होंने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराकर पुलिस से कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विनोद कुमार को उनके गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामकुमार पुत्र रामेश्वर दयाल भीरा जनपद खीरी लखीमपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2025 को थाना बिजौरिया रेलवे स्टेशन पर मेरी इण्टर का अंकपत्र अनुक्रमांक 0658503 व हाईस्कूल का अंकपत्र अनुक्रमांक 0882722 वास्तव में कहीं खो गये हैं। जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **मो. जफर पुत्र रिफाकत हुसैन निवासी ग्राम रिछौला किफायतुल्ला थाना व तह. नवाबगंज, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक विलेख दिनांक 20.02.2012 बुक सं. 1 वॉल्यूम संख्या 5192 पृष्ठ सं. 359 से 382 तक क्रमांक 2473 जोकि अजय कुमार अग्रवाल पुत्र नरेन्द्र देव अग्रवाल से खरीदी गई थी जो श्रीमती आशा आर्य पत्नी स्व. श्री रमेश चन्द्र आर्य के नाम है वास्तव में कहीं खो गये हैं। **यश कुमार पुत्र श्री योगेद्र सिंह निवासी मकान सं. 8 बिहारमान नगला, मुंशी नगर, बरेली। मो. 7500589999**

**आवश्यकता है**
The Glamour Beauty Parlour
में फुल-टाइम लेडी ब्यूटीशियन की आवश्यकता है।
वेतन: योग्यता अनुसार
स्थान : Max City, Grass Mandi, Nakatiya
Full time 10-7 PM
संपर्क करें :-
6399667666, 8445819999

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## अंधाधुंध बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**मझगई, अमृत विचार:** निघासन बिजली उपकेंद्र के अफसरों और कर्मचारियों की लापरवाही से क्षेत्र में दो से तीन घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इससे उपभोक्ता बेहद परेशान है। कर्मचारी फाल्ट बताकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

उपभोक्ताओं ने बताया कि एक हफ्ते से बिजली की अत्यधिक अघोषित कटौती की जा रही है। 18 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे के उलट महज ग्रामीणों को 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इससे 30 से ज्यादा गांवों में बिजली संकट बना हुआ है। ग्रामीणों का उमस भरी गर्मी में जीना मुहाल है। 18 जुलाई की शाम चार बजे से गुल हुई बिजली रात 1 बजे आई। सिर्फ 3 घंटे बाद फिर से चली गई। निघासन उपकेंद्र पर पहले 28 कर्मचारी थे। अब केवल 12 ही कार्यरत हैं। जेई सुभाष कश्यप ने बताया कि आई फाल्ट को दूर कराया जा रहा है। शाम तक आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।

**आवश्यकता है**
● मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव) ● नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
● आयुर्वेदिक परिचारिका ● OT टेक्निशियन
● वार्ड ब्यॉय ● ड्राइवर (मल्टीपर्पज) ● कैंटीन कुक
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड बरेली
मो: +91-8077808309, 9837357497

आतंक | बंदरों के हमले से दर्जनों लोग हो चुके घायल, महिलाओं को छत पर कपड़े सुखाना मुश्किल

# उत्पाती बंदर ने हमला कर युवक को किया घायल

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** मैलानी नगर में बंदरों के आतंक से नगर से लेकर गांवों तक के लोग परेशान हैं। उत्पाती बंदर आए दिन हमला कर नगर वासियों को घायल कर रहे हैं। शनिवार को रामलीला वार्ड निवासी विपिन तिवारी पुत्र राकेश तिवारी को घायल कर दिया, जिनकी नस कट जाने से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



मैलानी अस्पताल में घायल विपिन का उपचार करते डॉक्टर।

15 जुलाई को रामलीला वार्ड निवासी रोहित पुत्र राधेश्याम को बंदर ने गर्दन में काटकर घायल कर दिया था, जिसके छह टांके लगे। जंगलात वार्ड निवासी लक्ष्मन के हाथ में काटकर घायल कर दिया, वही गांव चतुरपुर निवासी राज पुत्र स्वामीदयाल अमर शहीद जूनियर हाईस्कूल में मजदूरी करने आ रहा था, उन पर बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। लंबे समय से चली आ रही समस्या नगरवासियों के लिए इन दिनों मुसीबत बनी हुई है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी बंदरों के झुंड आतंक मचा रहे हैं। कई लोग बंदरों के हमले से जान बचाने को लगाई गई दौड़ के बाद छत से गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।



घायल रोहित।

छतों पर रखे पानी के टैंक तोड़ दे रहे हैं और उसमें नहाकर पानी गंदा कर रहे हैं, जिससे नगरवासी गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा रहता है। महिलाओं को छत पर जाना चुनौती है। छतों पर कपड़े डालना भी मुसीबत है। इसके बावजूद सिस्टम अनजान बना है।

समस्या समाधान के लिए नगर वासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी और वन विभाग के अधिकारियों से बंदर पकड़वाकर जंगल में छुड़वाने की मांग की है। घरों की छतों पर रखे पानी के टैंक के ढक्कन भी बंदर क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। छतों पर कोई सामान रखना खतरे से खाली नहीं है। इसकी शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष ने वन विभाग के अधिकारियों से की, लेकिन समस्या जस की तस है। आए दिन नगरवासी बंदरों के हमले का शिकार होते हैं। नगर वासियों ने बंदरों को पकड़वाने की गुहार लगाई है।



गृहणी ईदगाह वार्ड निवासी वंदना गुप्ता ने बताया कि बंदरों का आतंक चरम पर है। छत पर रखे पानी के टैंक के ढक्कन क्षतिग्रस्त कर देते हैं। उसी में बंदर नहाते हैं, जिससे पानी गंदा हो जाता है। उसी पानी को घर के सब लोग पीते हैं।



रामलीला वार्ड निवासी गृहणी कहकशा बानों ने बताया कि कई बार तो बंदर छत पर चढ़ते ही हमलावर हो जाते हैं। जिससे खतरा रहता है। खुले में कपड़े सुखाने को डाले जाएं तो बंदर फाड़ देते हैं। बच्चों को लेकर डर बना रहता है।



गांव मक्कागंज निवासी तारावती ने बताया कि आटा बनवाने के लिए गेहूं भी छतों पर सुखाना मुश्किल हो गया है। जरा सी चूक होते ही बंदर सूखते हुए गेहूं खा जाते हैं और जमीन पर फैला भी देते हैं। भगाने पर हमलावर हो जाते हैं।



गौतम नगर वार्ड निवासी गृहणी नन्हीं ने बताया कि अक्सर सुबह होते ही बंदरों का झुंड छतों पर आ जाता है। सबसे ज्यादा नुकसान पानी के टैंक का हो रहा है। अन्य सामान को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसका समाधान होना चाहिए।

> घातक बंदर की सूचना मिलते ही वन स्टाफ को भेजा गया था। बावजूद इसके कुछ लोगों ने पकड़ने नहीं दिया था। आज ही स्टाफ को भेजकर बंदर को पकड़वाकर जंगल में छुड़वा दिया जाएगा। **-साजिद हसन**, रेंजर मैलानी।

> नगर में घातक बंदर कहीं बाहर से आ गया है। जिसको वन विभाग द्वारा पकड़वाकर जल्द ही जंगल में छुड़वा दिया जाएगा। **-कीर्ति माहेश्वरी**, नगर पंचायत अध्यक्ष मैलानी।

> मैलानी रेंज और डीएफओ को लेटर लिखकर जल्दी ही घातक बंदर को पकड़वाया जाएगा। **-विजय बहादुर यादव**, ईओ नगर पंचायत मैलानी

# गन्ने में घास काटने गये पिता पुत्र पर बाघ का हमला, घायल

## मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दी आर्थिक सहायता, सीएचसी से दोनों को जिला अस्पताल किया रेफर




संवाददाता, बिलहरी/केशवापुर

**अमृत विचारः** महेशपुर वन रेंज की आंवला बीट के नहसीरपुर गांव के पास गन्ने में घास काटते समय छिपे बैठे बाघ ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। घायल पिता-पुत्र को गोला सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव परसेहरा निवासी रामशंकर (55) पुत्र धर्मवीर अपने बेटे पंकज वर्मा (23) और अन्य लोगों के साथ शनिवार की सुबह नौ बजे पड़ोस के गांव नहसीरपुर में अपने गन्ने के खेत में घास काटने गए थे। तभी अचानक बाघ ने गन्ने के खेत से निकल कर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में रामशंकर और उनके बेटे पंकज को हाथ, पीठ और सिर पर गंभीर घाव हुए हैं। साथ में घास काट रहे अन्य लोगों ने साहस दिखाते हुए शोर मचाना शुरू किया, जिससे बाघ खेतों में भाग गया और पिता-पुत्र की जान बच पाई। घटना से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर बाघ की मौजूदगी की पुष्टि कर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। वन विभाग ने दोनों घायलों को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता देकर उन्हें गोला सीएचसी भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी निर्भय प्रताप साही ने बताया कि गन्ने के खेतों में बाघ के आने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए ग्रामीणों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर घास काटने की सलाह दी जाती है। टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने खेतों में जाते समय सावधानी बरतें और समूह में जाएं।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि वे उनके क्षेत्र में बाघ की समस्या का समाधान करें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि बाघ के हमले की जांच की जा रही है और जल्द ही बाघ को पकड़ने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और वन विभाग की टीम के साथ सहयोग करें।


नहसीरपुर के पास गन्ने के खेतों में टीम के साथ कांबिंग करते रेंजर निर्भय प्रताप शाही। ● अमृत विचार

### घटना के बाद वनकर्मियों ने खेतों में की कांबिंग


गोला गोकर्णनाथ। नहसीरपुर में बाघ के हमले की सूचना पर वन अधिकारी निर्भय प्रताप शाही, डिप्टी रेंजर सुरेन्द्र पाल गौतम, फारेस्टर माया प्रकाश, मोहम्मद उमर, रोहित श्रीवास्तव, मित्रपाल सिंह तोमर आदि स्पेशल टाइगर फोर्स स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने दोनों घायलों को अस्पताल भेजकर गन्ने के खेतों में कांबिंग की। रेंजर ने घटनास्थल पर बाघ के पगमार्क देखकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुये कठिना नदी के किनारे अकेले न जाने के सलाह दी है।


गोला सीएचसी में पंकज का प्राथमिक उपचार करते डॉक्टर। ● अमृत विचार


घायल रामशंकर।

# इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक बनने पर दी बधाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** युवराज दत्त पीजी. कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोलकाता के निदेशक पद पर नियुक्ति होने पर आलोक कुमार राय को महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'उदयाचल' के हीरक जयंती विशेषांक की प्रति भी भेंट की।


हीरक जयंती विशेषांक की प्रति भेंट करते प्रोफेसर हेमंत पाल।

# एसएसबी ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** 49वीं वाहिनी पीलीभीत के कमांडेंट के नेतृत्व में एसएसबी अफसरों ने बसही कॉलोनी के पास भारत - नेपाल की संयुक्त सीमा पर एक बैठक आयोजित की। बैठक में कमांडेंट शेर सिंह चौधरी के साथ ही बी समावय बसही कंपनी कमांडर उप निरीक्षक दीपक सिंह व अन्य जवान शामिल हुए।

बसही सामुदायिक भवन में बसही कॉलोनी के प्रधान राजनाथ यादव के साथ ही तमाम ग्रामीण मौजूद रहे। अफसरों ने ग्रामीणों की समस्याएं जानी। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में यूरिया खाद की काफी किल्लत हो रही है। मोबाइल नेटवर्क, सड़क और बिजली की भी समस्या बचाई। बसही कम्पनी निरीक्षक ने अधिकार क्षेत्र में आने वाले कार्यों के समुचित समाधान करने की बात कही। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य बाबूराम भारती, जितेंद्र कुमार, गौतम कुमार, कृष्ण प्रसाद गुप्ता, रामू गुप्ता, अमन गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, नारायण प्रजापति, जगत प्रजापति आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# तहसील में आई 49 शिकायतें पांच का हुआ निस्तारण


गोला तहसील में समस्याएं सुनते एसडीएम युगांतर त्रिपाठी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** संपूर्ण समाधान दिवस में 49 प्रार्थना पत्र पहुंचे इसमें पांच प्रार्थना पत्रों पर समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया गया। अन्य प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को देखकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी युगांतर त्रिपाठी ने लोगों की समस्याएं सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस में 49 प्रार्थना पत्र पहुंचे।

अधिकतर समस्याएं राजस्व विभाग और पुलिस विभाग से संबंधित रहीं। इसमें पांच प्रार्थना पत्रों पर समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया गया अन्य प्रार्थना पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, तहसीलदार भीमचंद सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ससुराल आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना इमलिया सुल्तानपर के गांव नौवा अंबरपुर निवासी वीरपाल (39) शुक्रवार की दोपहर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव आधाचाट स्थित अपनी ससुराल आया था, जहां उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

● **गांव नौवा अंबरपुर का वीरपाल शुक्रवार को गांव आधाचाट में ससुराल आया था**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई महेश ने बताया कि उसका भाई वीरपाल शुक्रवार की दोपहर अपनी ससुराल आया था। इसके बाद उसकी मौत की खबर मिली। हम लोगों को शव पोस्टमार्टम हाउस में मिला है। सदर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शांति कुंज हरिद्वार से लाई गई नारी उत्कर्ष संकल्प मशाल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार की गुरु माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी पर लखीमपुर में होने जा रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह के लिए गायत्री परिवार महिला मंडल टीम शांतिकुंज से संकल्प मशाल लेकर आई है। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश प्रांतीय नारी उत्कर्ष संगोष्ठी में यहां से 100 से अधिक महिलाओं और परिजनों ने प्रतिभाग किया। माताजी की जन्म शताब्दी पर एक करोड़ घरों को देव परिवार बनाने की नारी उत्कर्ष अभियान की विस्तृत रूपरेखा को जाना और समझा।

कार्यक्रम के समापन पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या और शैफाली पंड्या ने संकल्प मशाल का पूजन किया। मशाल को सिर पर धारण करके सभी महिलाओं ने युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की परिक्रमा कर सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा स्मारक पर शंखनाद उद्घोष किया। हर महिला ने 24 घरों को देव परिवार बनाने का संकल्प लिया। शांतिकुंज में पूजित संकल्प मशाल को लाकर गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर के साधना कक्ष में स्थापित किया गया है। कार्यक्रम में प्रांतीय प्रतिनिधि जयप्रकाश वर्मा, प्रभाकर सक्सेना, जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद, जिला सह समन्वयक देशराज राठौर, उदय सिंह, सत्य नारायण वर्मा, केपी मौर्य, रामेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।


शांतिकुंज हरिद्वार से संकल्प मशाल लाते गायत्री परिवार लखीमपुर खीरी के परिजन।

● **डॉ. चिन्मय पंड्या और शेफाली पंड्या ने किया मशाल का पूजन**

# कारी तहारत रसूल हज उमरा के लिए रवाना

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** कस्बा कुकरा के मदरसा गुलशने इस्लाम में चीफ गेस्ट कारी तहारत रसूल ने इस्लामी कॉन्फ्रेंस को खिताब करते हुए फरमाया कि मजहब ए इस्लाम के बानी हजरत अब्दुल्ला के नूर ए नजर बीबी अमना के लख्त ए जिगर हजरत मोहम्मद साहब ने मोमिनों को हुक्म दिया कि मालेनिसब पर हज फर्ज व उमरा लाजिम है। हज के दौरान मक्का मुकर्रमा जाकर खानए काबा का तवाफ करना, हजरए अस्वद को बोसा देना भी फर्ज है। जायरीन पर फर्ज है कि मदीना मुनव्वरा पहुंचकर हजरत मोहम्मद साहब के रौजए अकदस की जियारत व रौजए अनबर में जलवा अफरोज प्यारे नबी पर दूरूद सलाम का नजराना पेश करना चाहिए। प्यारे नबी की सुन्नत पर अमल करके जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम हासिल करने के लिए अल्लाह पाक से तमाम मोमिनो की रूहों को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करने की दुआ करना सुन्नत है।

कॉन्फ्रेंस को खिताब कर कारी तहारत रसूल हज उमरा के लिए रवाना हुऐ। फूल मालाओं से लादकर उनका इस्तकबाल और खैरमकदम करते हुए अंसार मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुलसलाम अंसारी, कारी सआदत रसूल, भाजपा नेता मुन्ना खान, मौलाना अनवार, हाफिज बिलाल, यासीन, मोहम्मद शमी, सलमान, परवेज, आदिल, लईक, अरबाज सहित तमाम हाजरीन ने मक्का मुकर्रमा के लिए रवाना किया।


कुकरा में कारी तहारत रसूल को माला पहनाकर उमरा के लिये रवाना करते लोग।

# कांवड़ियों का जत्था मेहंदी घाट रवाना

**मितौली, अमृत विचारः** ओम शिव शक्ति कांवड़िया सेवा समिति की 8वीं कावंड़ यात्रा के लिए 120 कांवड़ियों का जत्था भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने के बाद गंगा जल भरने के लिए शनिवार को मेहंदी घाट (कन्नौज) रवाना हो गया। समिति अध्यक्ष चंद्रकांत राठौर की अगुवाई में जत्था मेहंदी घाट (कन्नौज) से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए गोला गोकर्णनाथ में जलाभिषेक करेगा। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान सुरेश राठौर, रामगोपाल राठौर, पम्मी चौहान, शुभी राठौर, दीपू चौहान, ओमकार राठौर, शेरा राठौर, कुलदीप राठौर, राजेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिला का चौखट में फंदे से लटका मिला शव

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर की राजेंद्र नगर कॉलोनी बी ब्लॉक में एक महिला का संदिग्ध हालात में शव उसी के घर में चौखट से लटका मिला। पुलिस ने शव जिला मुख्यालय भिजवा दिया है।

ग्राम पंचायत लाल्हापुर की राजेंद्र नगर कॉलोनी बी ब्लाक में गोकर्ण प्रसाद इंटर कॉलेज के सामने गल्ला कारोबारी पंकज गुप्ता की पत्नी प्रीति गुप्ता (35) घर पर परचून की दुकान चलाने के साथ ही सिलाई भी करती थी। आसपास के लोगों ने बताया कि प्रीति गुप्ता के दोनों बच्चे सार्थक (12), धुव्र (7) घर के सामने स्कूल गए थे। शनिवार दोपहर बाद कई ग्राहक दुकान पर आए और आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो पड़ोसियों ने अंदर जाकर देखा कि घर के अंदर कमरे के दरवाजे की चौखट से साड़ी के सहारे प्रीति गुप्ता का शव लटका था।

पड़ोसियों ने सूचना पति पंकज गुप्ता और पुलिस को दी। पंकज के माता पिता अमेठी गांव में रहते हैं। प्रीति का मायका मोहल्ला मुन्नूगंज में है। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### नवजात के इलाज के नाम पर दो लाख रुपये ठगे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना उचौलिया के गांव सिसौरा नासिर निवासी मोबीन ने नवजात शिशु के इलाज के नाम पर दो लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिसौरा नासिर निवासी मोबीन ने बताया कि गांव के ही फुरकान से उसके अच्छे संबंध थे। फुरकान मैगलगंज के शिवा अस्पताल में काम करता था। फुरकान का उसके घर आना जाना था। उसकी पत्नी प्रसव पीड़ा से हुई तो फुरकान ने कम खर्चे में प्रसव कराने का वादा किया। पत्नी शाहीन को तीन अप्रैल 2024 को प्रसव पीड़ा हुई। उसने फुरकान और गांव के ही नसीम, फरजाना और इरशद के कहने पर शिवा अस्पताल मैगलगंज में भर्ती कराया। पत्नी ने पुत्र को जन्म दिया। वह घर से रुपये का प्रबंध कर जब अस्पताल पहुंचा तो पत्नी ने बताया कि आरोपी उसके बच्चे को उठा ले गए हैं। फोन करने पर आरोपी फुरकान ने बताया कि बच्चे की हालत ठीक नहीं थी। इसलिए उसे लखनऊ लेकर अस्पताल में आए हैं। ठीक होने पर बच्चा दे देंगे। खर्चे के नाम पर उससे दो लाख रुपये भी ऐंठ लिए। उसे बच्चा भी नहीं दिया। बच्चे को वापस मांगने पर टालमटोल करते रहे। दबाव बनाने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। कोर्ट के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लखनऊ में भर्ती बीमार कैदी की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को भर्ती कराए गए बीमार बुजुर्ग कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। जेल अधीक्षक पीडी सलौनिया ने बताया कि थाना हैदराबाद के गांव घरथनिया निवासी रामकिशोर (85) को मारपीट के मामले में सजा हुई थी। वह तीन जुलाई 2025 से जेल में निरुद्ध था। जिसे तबीयत खराब होने पर जेल अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा था, लेकिन स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने पर उसे शुक्रवार की शाम 6 :20 बजे जेल अस्पताल से ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे केजीएमयू लखनऊ रेफर दिया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह करीब 07 :46 बजे कैदी की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने के बाद जेल प्रशासन ने इसकी सूचना थाना हैदराबाद के माध्यम से उनके परिवार वालों को पहुंचाई। मौत की खबर मिलने से उनके परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के तमाम लोग भी अस्पताल पहुच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

### नन्हे-मुन्नों ने धारण किया आम का रूप



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** आरएम ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजाजीपुरम-राजापुर में शनिवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आम का रूप धारण किया। बाद में आम का स्वाद चखा। मैंगो पार्टी के मौके पर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। विद्यालय प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट, प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला, हिंदी माध्यम की कोआर्डिनेटर कामिनी, विनीता, आशीष सिंह, अर्चना ने बच्चों के साथ मैंगो पार्टी का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक आम की विशेषताओं से सभी बच्चों का परिचय कराया। कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, त्वचा के लिए फायदेमंद होता है और आंखों की रोशनी के लिए अच्छा होता है। आम में विटामिन ए, सी, और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं, जो इन फायदों के लिए जिम्मेदार हैं।

### बैठक में समाज के विकास पर किया मंथन



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की जिला इकाई की पहली बैठक में समाज के विकास के लिए मंथन किया गया। मुख्य अतिथि शंकर लाल लोधी ने समाज की एकजुटता, युवाओं की भागीदारी और संगठन की मजबूती पर बल दिया। जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक में वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक जागरुकता, युवाओं की भागीदारी और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने की जरूत जताई। सभी ने प्रस्ताव रखा कि ऐसे आयोजनों को नियमित कराया जाए ताकि समाज का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक लोधी समाज की सामूहिक चेतना और सक्रियता का परिचायक बनी, जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता दिखाई दी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिराम लोधी ने की। विशिष्ट अतिथि विनोद लोधी, योगेंद्र लोधी, बृजेश लोधी, बुद्धाराम राजपूत, कामता लोधी, राजू लोधी, राधेश्याम लोधी, बागीश प्रसाद, केदार प्रसाद आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### सड़क दुर्घटना में दो बच्चों सहित चार घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** पसगवां निवासी फैजुल्ला चौराहे पर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वह बाइक से टकरा गया। जिससे वह घायल हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार शक्ति पुत्र अनिल निवासी गुलरिया और उसकी बहन पिंकी और दो बच्चे भी घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

**अवसर** 62 में से 7 शिकायतों का निस्तारण, बोलीं डीएम-शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करें अफसर

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचारः** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मितौली के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और किट सौंपे।

जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

समाधान दिवस में कुल 62 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से सात का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 30, विकास विभाग की 11, आपूर्ति विभाग की 08, पुलिस विभाग की 05, विद्युत विभाग की 06, चकबंदी की 02 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम रेणु मिश्रा, सीओ, तहसीलदार, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।


तहसील मितौली के सभागार में जनसुनवाई करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा। ● अमृत विचार

### डीएम-एसपी ने वितरित किया 1.84 करोड़ का सीसीएल

जिले में महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम और एसपी ने शनिवार को स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल के रूप में एक करोड़ 84 लाख 50 हजार की धनराशि का वितरण किया। यह धनराशि 93 स्वयं सहायता समूहों को उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उपलब्ध कराई गई। साथ ही 16 स्वयं सहायता समूहों को एक करोड़ 9 लाख 80 हजार की राशि रिवाल्विंग फंड के रूप में दी गई, जिससे समूहों की आंतरिक लेन-देन व्यवस्था सशक्त हो सके। वहीं 70 समूहों को कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड के माध्यम से भी सहायता राशि दी गई।

### किसानों को किया गया लाभान्वित

डीएम व एसपी ने 10 किसानों को रागी व कोदों के मिनी किट और 05 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज किसानों की आमदनी और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी हैं।

### खेल मैदान के निरीक्षण में बच्चों को बांटी शिक्षा किट

संपूर्ण समाधान दिवस के बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय कस्ता कॉलोनी पहुंचीं। उन्होंने मिशन मैदान के तहत विकसित खेल मैदान का निरीक्षण किया। बच्चों से संवाद कर उन्हें पेंसिल, रबर व कटर की किट दी। साथ ही विद्यालय परिसर में छायादार, फलदार और औषधीय पौधों का रोपण भी किया। इस दौरान पीडी एस एन चौरसिया, बीडीओ अमित सिंह परिहार मौजूद रहे।

